महत्वपूर्ण / आवश्यक

प्रेषक,

सचिव,
माध्यमिक शिक्षा परिषद्,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

सेवा में,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक :मा0शि0प0 / सिस्टम सेल / 1282 दिनांक : 22-01-2026

विषय : **इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा–वर्ष 2026 के सम्बंध में।**

महोदय,

ज्ञातव्य है कि वर्ष 2026 की इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाएँ मण्डलवार प्रथम चरण में दिनांक 24 जनवरी, 2026 से 01 फरवरी, 2026 तक तथा द्वितीय चरण में दिनांक 02 फरवरी, 2026 से 09 फरवरी, 2026 तक आयोजित होंगी। प्रयोगात्मक परीक्षाओं के संचालन के संबंध में परिषद द्वारा निर्गत पत्र संख्या मा०शि०प० / सिस्टम सेल / 1157 दिनांक 31.12.2025 के माध्यम से विस्तृत दिशा–निर्देश आपको प्रदान किए जा चुके हैं।

प्रयोगात्मक परीक्षा लेने वाले बाह्य परीक्षक द्वारा अपनी लॉग–इन आईडी का उपयोग करते हुए तथा आन्तरिक परीक्षक द्वारा अपने विद्यालय की लॉग–इन आईडी से माध्यमिक शिक्षा परिषद् की वेबसाइट पर प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक उसी दिवस अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाएंगे।

बाह्य परीक्षकों द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से आवंटित परीक्षा केन्द्र पर जियो–लोकेशनयुक्त फोटो अपलोड करने तथा बाह्य व आन्तरिक परीक्षकों द्वारा पोर्टल पर प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक अपलोड करने की संपूर्ण प्रक्रिया / SOP इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

अतः यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी प्रयोगात्मक परीक्षक उक्त प्रक्रिया / SOP से भली–भांति अवगत हो जाएं।

उक्त के अतिरिक्त, यदि बाह्य परीक्षकों के मोबाइल नम्बर त्रुटिपूर्ण दर्ज होने के कारण लॉग–इन न होने की समस्या संज्ञान में आती है, तो संबंधित परीक्षक का नाम, परीक्षक संख्या तथा सही मोबाइल नम्बर सहित सूचना संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को अनिवार्य रूप से प्रेषित की जाए।
संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय

(भगवती सिंह)
सचिव

पृ0स0 : मा0शि0प0 / सिस्टम सेल / 1282-(1-2) / तद्दिनांक।

1– मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक / उप शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।

2– अपर सचिव, मा0शि0प0, क्षे0का0, मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी एवं गोरखपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त प्रक्रिया / SOP को अपने स्तर से भी प्रसारित करें। साथ ही यदि बाह्य परीक्षकों के मोबाइल नम्बर त्रुटिपूर्ण दर्ज होने के कारण लॉग–इन न होने के सम्बंध में सम्बंधित जिला विद्यालय निरीक्षक से लिखित सूचना प्राप्त होती है, तो कार्यदायी संस्था के माध्यम से मोबाइल नम्बर अपडेट कराने की कार्रवाई शीघ्र सम्पादित की जाए।

(भगवती सिंह)
सचिव

# माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

## इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा–2026

### बाह्य परीक्षकों हेतु यूजर मैनुअल

**विशेष निर्देश :**

- आवश्यक हार्डवेयर – लैपटॉप/डेस्कटॉप/मोबाइल एंड्रायड वर्जन 10 या उससे ऊपर
- प्रयोगात्मक परीक्षा लेने की अधिकतम सीमा – प्रतिदिन 80 परीक्षार्थी
- परिषद की वेबसाइट https://upmsp.edu.in पर **मोबाइल एप्लिकेशन** का लिंक उपलब्ध है, जहाँ से इसे बाह्य परीक्षकों द्वारा अपने मोबाइल में डाउनलोड/इन्सटॉल किया जा सकेगा (एप डाउनलोड/इन्सटॉल सम्बंधी विस्तृत निर्देश पृष्ठ–3 पर उल्लिखित है)।

**यूजर आई0डी0** : परीक्षक संख्या के अन्तिम 08 अंक यूजर आई0डी0 होगी,

उदाहरण के लिए,

यदि परीक्षक संख्या P1 – 12921255 है, तो यूजर आई0डी0 होगी – 12921255

यदि परीक्षक संख्या P2 – 15212345 है, तो यूजर आई0डी0 होगी – 15212345

**पासवर्ड :**

परीक्षक की जन्मतिथि DDMMYYYY प्रारूप में पासवर्ड होगी।

उदाहरण के लिए,

यदि जन्मतिथि 25–01–1991 है तो पासवर्ड 25011991 होगा,

यदि जन्मतिथि 05–07–1984 है तो पासवर्ड 05071984 होगा।

**इस एप्लिकेशन के कार्य निम्नलिखित हैं:**

- परीक्षक की प्रधानाचार्य के साथ फोटो एवं स्थान के जियो (Geo) पैरामीटर कैप्चर करना। (यह कार्य केवल मोबाइल डेटा का उपयोग करके ही किया जाना अनिवार्य है, जिससे परीक्षक के जियो लोकेशन का सत्यापन किया जा सके। विद्यालय की पूर्व में दर्ज जियो लोकेशन से दूरी अधिक होने पर बाह्य परीक्षक को इस एप्लिकेशन के उपयोग की अनुमति नहीं होगी।)
- परीक्षार्थियों को दिये गये अंकों को अपलोड करना।

(अंकों को अपलोड करने हेतु बाह्य परीक्षक को मोबाइल डेटा के माध्यम से लॉग–इन करना अनिवार्य होगा, ताकि स्थान के जियो पैरामीटर का सत्यापन किया जा सके। यदि बाह्य परीक्षक डेस्कटॉप या लैपटॉप का उपयोग करता है, तो **मोबाइल डेटा** (Internet) चालू (ON) रहना चाहिए तथा मोबाइल का डेस्कटॉप/लैपटॉप से **हॉट्सपॉट** (Hotspot) द्वारा कनेक्ट होना आवश्यक है।)

- परीक्षा के संचालन से संबंधित किसी भी टिप्पणी/शिकायत को अपलोड करना।
  (बाह्य परीक्षकों को प्रयोगात्मक परीक्षा के संचालन से संबंधित किसी भी विशेष टिप्पणी/शिकायत/सुझाव को अपलोड करने की सुविधा उपलब्ध होगी। यह कार्य किसी भी माध्यम जैसे मोबाइल, लैपटॉप अथवा डेस्कटॉप से किया जा सकता है तथा इस कार्य के लिए किसी प्रकार के स्थान संबंधी प्रतिबन्ध लागू नहीं होंगे।

## महत्वपूर्ण परामर्श (IMPORTANT ADVISORY)

यह एप्लिकेशन केवल निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर ही संचालन/क्रियान्वयन हेतु है। प्रत्येक बार जब परीक्षक लॉग–इन क्रेडेंशियल्स के माध्यम से लॉग–इन करता है, तो एप जिओ लोकेशन कैप्चर करेगा तथा इसकी तुलना परीक्षा केन्द्र की पूर्व में दर्ज जियो पैरामीटर से करेगा। यदि दूरी में अंतर बोर्ड द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक पाया जाता है, तो एप स्वतः ही प्रक्रिया को निरस्त (Abort) कर देगा।

अतः बाह्य परीक्षक इस एप का उपयोग केवल परीक्षा केन्द्र के परिसर में ही करें।

# मोबाइल ऐप डाउनलोड एवं इंस्टॉल करने की प्रक्रिया

## (बाह्य परीक्षकों हेतु – चरण **1/3**)

- वेबसाइट https://upmsp.edu.in पर जाएँ।
- होम पेज पर उपलब्ध लिंक **'वर्ष–2026 की इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा से सम्बन्धित केवल बाह्य परीक्षकों के कार्य हेतु यहाँ क्लिक करें'** पर क्लिक करें।
- अपने लॉग–इन क्रेडेंशियल्स (यूजर–आईडी एवं पासवर्ड) का उपयोग करते हुए लॉग–इन करें।
- DOWNLOAD App पर क्लिक करें।
- फाइल डाउनलोड हो जाएगी।
- डाउनलोड की गई फाइल के लिए OPEN पर क्लिक करें।
- इसके बाद INSTALL पर क्लिक करें।

  नोट –

  फोटो एवं जियो (Geo) पैरामीटर कैप्चर करने हेतु मोबाइल ऐप एक बार मोबाइल फोन में इन्स्टॉल हो जाने के बाद पुनः डाउनलोड/इंस्टॉल करने की आवश्यकता नहीं है। यह ऐप प्रयोगात्मक परीक्षाएँ समाप्त होने तक तथा मोबाइल फोन में उपलब्ध रहने तक कार्य करता रहेगा। ऐप के सफलतापूर्वक इन्स्टॉल होने पर मोबाइल स्क्रीन पर 'UP2026-V1' नाम से एक आइकन दिखाई देगा।

- मोबाइल ऐप इंस्टॉल हो जाने के पश्चात ऐप के आइकन पर क्लिक करें।
- इसके बाद EXAMINER LOGIN PAGE प्रदर्शित होगा, जहाँ अपने लॉग–इन क्रेडेंशियल्स (यूजर–आईडी एवं पासवर्ड) दर्ज करें।
- सफल लॉग–इन के उपरांत ऐप का Home Page प्रदर्शित होगा, जिसमें तीन विकल्प होंगे–
  HOME, REPORTS तथा CAPTURE-IMAGE
- इस प्रकार बाह्य परीक्षक के कार्य का प्रथम चरण, अर्थात मोबाइल ऐप का डाउनलोड एवं इंस्टॉलेशन, पूर्ण हो जाता है।

# फोटो क्लिक कर उपस्थिति दर्ज करने तथा परीक्षार्थियों के अंक अपलोड करने की प्रक्रिया

(चरण 2/3)

- मोबाइल स्क्रीन पर उपलब्ध 'UP2026-V1' आइकन पर क्लिक करें।
- लॉग–इन हेतु एक नई विंडो खुलेगी।
- अपने लॉग–इन क्रेडेंशियल्स (यूजर–आईडी एवं पासवर्ड) का उपयोग करते हुए लॉग–इन करें।
- परीक्षक को आवंटित केन्द्रों/विद्यालयों का विवरण प्रदर्शित होगा।
- यदि एक से अधिक केन्द्र आवंटित हैं, तो सूची में से आवंटित केन्द्र का चयन करें।
- सर्वप्रथम स्थान के सत्यापन हेतु 'CAPTURE-IMAGE' विकल्प का चयन करें।
- कैमरा, लोकेशन एवं फोल्डर आदि के लिए आवश्यक अनुमतियाँ प्रदान (Allow) करें।
- स्पष्ट फोटो हेतु कैमरे को मैन्युअली फोकस करें।
- फोटो का प्रीव्यू उपलब्ध होगा।
- 'CAPTURE-IMAGE' पर क्लिक करें।
  **(प्रदत्त निर्देशानुसार बाह्य परीक्षक द्वारा प्रधानाचार्य एवं आन्तरिक परीक्षक के साथ प्रयोगशाला में उपस्थित होकर फोटो कैप्चर की जाएगी)**
- इसके पश्चात 'UPLOAD-IMAGE' पर क्लिक करें।
- एप द्वारा संदेश प्रदर्शित होगा – 'PHOTOGRAPH UPLOADED'
- बाह्य परीक्षक अपलोड की गई फोटो को जियो (Geo) पैरामीटर सहित देख सकता है।
- ऐप बंद करें।
- वेबसाइट https://upmsp.edu.in पर जाएँ।
- होम पेज पर उपलब्ध लिंक '**वर्ष–2026 की इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा से सम्बन्धित केवल बाह्य परीक्षकों के कार्य हेतु यहाँ क्लिक करें**' पर क्लिक करें।

- अपने लॉग–इन क्रेडेंशियल्स (यूजर–आईडी एवं पासवर्ड) का उपयोग करते हुए लॉग–इन करें।

- तीन लाइनों (विकल्प बटन) पर क्लिक करें।

- "मूल्यांकन (Mulyankan)" का चयन करें।

- इसके पश्चात सिस्टम वर्तमान में कैप्चर किए गए जिओ (Geo) पैरामीटर को परीक्षा केन्द्र की पूर्व में दर्ज जिओ पैरामीटर से मिलान/सत्यापित करेगा। यदि दोनों के मध्य की दूरी निर्धारित सीमा से अधिक पाई जाती है, तो सिस्टम द्वारा निम्नलिखित संदेश प्रदर्शित होगा और परीक्षक को आगे की प्रक्रिया करने की अनुमति नहीं दी जाएगी –

"PRESENT LOCATION IS OUT OF BOUND, PLEASE REPORT AT THE CORRECT LOCATION"

- यदि दूरी निर्धारित सीमा के भीतर पाई जाती है, तो चयनित परीक्षार्थी समूह के सभी परीक्षार्थियों की सूची अनुक्रमांक (रोल नंबर) के अनुसार प्रदर्शित हो जाएगी।

- सिस्टम उपयोगकर्ता को प्रतिदिन अधिकतम 80 परीक्षार्थियों के अंक अपलोड करने की ही अनुमति देगा। शेष परीक्षार्थियों के लिए (यदि कोई हों) बाह्य परीक्षक को अगले दिन पुनः लॉग–इन करना होगा।

- परीक्षक को अपने आवंटित परीक्षार्थियों के समूह में से अधिकतम 80 परीक्षार्थियों का चयन करना होगा।

- 'UPLOAD-MARKS' बटन पर क्लिक करें।

- परीक्षार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों को अपलोड करना होगा

(मान्य अंक – 00 से अधिकतम अंक (Maximum Marks) तक, अनुपस्थित के लिए "AA" अथवा "AAA", स्थानांतरित प्रकरण के लिए "TR" तथा अनुचित साधन प्रयोग (Unfair Means) के प्रकरण के लिए "UM" अथवा "UFM" दर्ज किए जाएँगे)।

- तालिका पूर्ण करने के पश्चात सिस्टम पुनः उसी परीक्षार्थी समूह के अंकों को दोबारा अपलोड करने हेतु विंडो खोलेगा, ताकि अंकों की शुद्धता सुनिश्चित की जा सके। यदि किसी प्रकार की विसंगति/मिसमैच पाई जाती है, तो सिस्टम प्रथम चरण में अपलोड किए गए अंक तथा द्वितीय चरण में अपलोड किए गए अंक दोनों प्रदर्शित करेगा तथा परीक्षक को गलत रूप से अपलोड किए गए अंकों को संशोधित करने की सुविधा प्रदान करेगा। सिस्टम किसी भी त्रुटिपूर्ण/मिसमैच प्रविष्टि को स्वीकार नहीं करेगा।

- जब अपलोड किए गए अंक पूर्ण रूप से सही पाए जाते हैं, तो 'FINAL-SUBMIT' की बटन प्रदर्शित होगी, जिस पर परीक्षक को क्लिक करना होगा।

- इसके उपरांत परीक्षक द्वारा अपलोड किए गए डेटा/अंक सर्वर पर स्थानांतरित होकर सुरक्षित हो जाएंगे तथा उनमें किसी प्रकार का संशोधन संभव नहीं होगा। तथापि, उपयोगकर्ता को अपलोड किए गए अंकों की चेकलिस्ट डाउनलोड करने एवं प्रिंट करने का विकल्प उपलब्ध रहेगा।

- LOGOUT (लॉगआउट)

# शिकायत/सुझाव अपलोड करने की प्रक्रिया

(बाह्य परीक्षकों के लिए चरण 3/3)

- वेबसाइट https://upmsp.edu.in पर जाएँ।
- होम पेज पर उपलब्ध लिंक **'वर्ष–2026 की इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा से सम्बन्धित केवल बाह्य परीक्षकों के कार्य हेतु यहाँ क्लिक करें'** पर क्लिक करें।
- अपने लॉग–इन विवरण (यूजर–आईडी एवं पासवर्ड) का उपयोग करके लॉग–इन करें।
- तीन लाइनों (विकल्प बटन) पर क्लिक करें।
- "शिकायत/सुझाव" विकल्प का चयन करें।
- बाह्य परीक्षक को एक बॉक्स उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें वे अपने सुझाव/शिकायत लिख सकते हैं। वैकल्पिक रूप से, वे अवलोकन/शिकायत कागज पर लिखकर उसे ब्राउजर के माध्यम से अपलोड भी कर सकते हैं।
- 'SAVE OBSERVATION' बटन पर क्लिक करें।
- सुझाव/शिकायत की सामग्री सर्वर पर अपलोड हो जाएगी तथा बोर्ड के सचिव या क्षेत्रीय सचिवों को अग्रेशित हो जाएगी।
- सुझाव/शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि का संदेश प्रदर्शित होगा।
- LOGOUT (लॉगआउट)

## महत्वपूर्ण परामर्श (**IMPORTANT ADVISORY**)

शिकायत/सुझाव दर्ज करने की प्रक्रिया में परीक्षक के स्थान (लोकेशन) का सत्यापन नहीं होगा। परीक्षक अपने यूजर–आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग करके किसी भी स्थान से अपने शिकायत/सुझाव अपलोड कर सकते हैं।

# माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

## इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा–2026

### आंतरिक परीक्षकों के लिए यूजर मैनुअल
### (परीक्षार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों को अपलोड करने हेतु)

विशेष निर्देश :

- आवश्यक हार्डवेयर – लैपटॉप/डेस्कटॉप/मोबाइल एंड्रायड वर्जन 10 या उससे ऊपर
- प्रयोगात्मक परीक्षा लेने की अधिकतम सीमा – प्रतिदिन 80 परीक्षार्थी

- ➢ वेबसाइट https://upmsp.edu.in पर जाएँ।
- ➢ होम पेज पर उपलब्ध लिंक **'वर्ष–2026 की इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा से सम्बन्धित रिपोर्ट्स एवं नियुक्ति पत्र डाउनलोड करने, जिला विद्यालय निरीक्षक के सूचनार्थ, आंतरिक परीक्षकों द्वारा प्राप्तांक अपलोड करने, एवं डैशबोर्ड के अवलोकन हेतु यहां क्लिक करे'** पर क्लिक करें।
- ➢ आंतरिक परीक्षक अपने विद्यालय लॉगइन क्रेडेंशियल (यूज़र आईडी एवं पासवर्ड) का उपयोग करते हुए लॉग–इन करेंगे।
- ➢ सफलतापूर्वक लॉग–इन करने के बाद, उन्हें "Upload Practical Marks" का लिंक दिखाई देगा।
- ➢ इस विकल्प पर क्लिक करने के पश्चात, आंतरिक परीक्षक को उन परीक्षार्थियों का सेट चुनना होगा, जिनकी प्रायोगिक परीक्षा बाह्य परीक्षक द्वारा संपन्न की गई है। यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि चयनित अभ्यर्थियों का सेट वही हो, जो बाह्य परीक्षक द्वारा चुना गया है। इसका उद्देश्य यह है कि एक सेट के परीक्षार्थियों के लिए प्रयोगात्मक परीक्षा की प्रक्रिया पूर्ण रूप से संपन्न हो, अर्थात् उस सेट के लिए बाह्य परीक्षक एवं आंतरिक परीक्षक दोनों द्वारा अंक अपलोड किए जाएँ।
- ➢ चूँकि प्रतिदिन अधिकतम 80 अभ्यर्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा की सीमा निर्धारित की गई है, इसलिए यह सीमा आंतरिक परीक्षकों पर भी समान रूप से लागू होगी।

## महत्वपूर्ण परामर्श (**IMPORTANT ADVISORY**)

यह सूचित किया जाता है कि अब सभी परीक्षकों को अंकों की प्रविष्टि दो बार (TWICE) करनी अनिवार्य है। सिस्टम द्वारा अंकों की प्रविष्टि हेतु दो बार मार्क–एंट्री शीट प्रदर्शित किया जाएगा। पहली शीट में अंक अपलोड करने के बाद, सिस्टम द्वारा अस्थायी रूप से प्रविष्ट अंकों को छिपा दिया जाएगा और दूसरी शीट खोली जाएगी। दूसरी शीट में अंक भरते समय, सिस्टम द्वारा स्वतः ही पहले दर्ज किए गए अंकों से उनका मिलान किया जाएगा। यदि किसी प्रकार का अंतर पाया जाता है, तो सिस्टम द्वारा चेतावनी (Alert) जारी होगा और दोनों प्रविष्टियाँ प्रदर्शित हों जाएंगी, जिससे परीक्षक गलत रूप से दर्ज अंकों को संशोधित कर सकें। सिस्टम तभी अंकों को सुरक्षित (Save) करेगी, जब पहली और दूसरी प्रविष्टि पूरी तरह समान हों। यह प्रक्रिया परीक्षकों द्वारा अंकों की अपलोडिंग में पूर्ण शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए लागू की गई है।

यह भी अनिवार्य है कि आंतरिक परीक्षक चयनित परीक्षार्थियों के पूरे सेट के लिए अंक अपलोड करें। यदि किसी अभ्यर्थी के अंक अपलोड नहीं किए जाते हैं, तो आंतरिक परीक्षक को अगले दिन शेष अंकों को अपलोड करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसी किसी भी लापरवाही हेतु सम्बंधित परीक्षक पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।

Madhamik Shiksha Parishad, Uttar Pradesh
Intermdiate Practical Exam-2026

User Manual for EXTERNAL EXAMINERS only

Special Instructions :
Hardware Requirements - Laptop / Desktop / Mobile Android version 10 & above
Maximum Limit to conduct Practical Exam / day = 80 candidates only

**User-Id** : The last 8 digits of the examiner number will be User-id.
For Example, if Examiner number is P1-12921255 then User-id will be 12921255,
if Examiner number is P1-15131786 then User-id will be 15131786,
if Examiner number is P2-15212345 then User-id will be 15212345,
if Examiner number is P2-15342567 then User-id will be 15342567.

**Password :** The date of birth in DDMMYYYY format will be password.
For Example if Date of Birth is 25-01-1991, then password will be 25011991,
if Date of Birth is 05-07-1984, then password will be 05071984.

**Functions of this Application is :**

- To capture Photographs of the Examiner with Principal & Geo Parameters of the location.
  (This activity must be executed using MOBILE data only, in order to verify the Geo location of the Examiner. The software will not permit the external examiner to use this application beyond specific distance from the already registered Geo Location of the School).

- To upload the marks obtained by the candidates.
  (To upload the marks obtained by the candidates, the External Examiner must log-in using the Mobile Data in order to verify Geo parameters of the location. However, if the External Examiner opt to use desktop or Laptop then the Mobile Data must be kept ON and it must be connected with the Desktop or Laptop thru Mobile Hot Spot).

- To upload any observation / complaint regarding conduct of examination. (The external examiners will have the privilege to upload any specific observations / complaint / suggestions regarding the conduct of Practical exams. This activity can be executed thru any media i.e. Mobile, Laptop or Desktop, and there will NOT be any location restrictions for this particular activity.)

**IMPORTANT ADVISORY**

This application is strictly for the operations/execution at the designated Exam Centers only. Every time when the user log-in using log-in credentials, the system will ask to capture Geo parameters of the location, and will match it with the already registered Geo parameters of the Exam Center. If the difference in distance is found beyond the Board's specified limits, the system will automatically abort the process. Hence, the external examiners are advised to operate this application in the premises of the Exam Centers only.

## PROCEDURE TO DOWNLOAD & INSTALL MOBILE APP (STAGE 1 OF 3 FOR EXTERNAL EXAMINERS)

- Visit https://upmsp.edu.in
- Click on the link "**Intermediate Prayogatmak Pariksha-2026 - Link for External Examiners Only**" available on the home page.
- Log-in using your log-in credentials (user-id & password)
- Click on DOWNLOAD App
- File will be downloaded
- Click on OPEN (for downloaded file)
- Click on INSTALL

  Note : Mobile App for capturing the photograph & Geo parameters **ONCE installed** on a mobile phone is **NOT to be downloaded/installed subsequent times.** It will continue to work as long as needed & available on your mobile phone, till the Practical Exams are over. When the App is successfully installed, a **icon** named as "**UP2026-V1**" will appear in your Mobile phone's screen.

- After the mobile App is installed, **CLICK** on the App's icon, The user will be prompted with EXAMINER LOGIN PAGE; Enter your log-in credentials (user-id & password).
- After the successful log-in, the examiner will be prompted with App's Home Page, & there will be THREE options i.e. HOME, REPORTS & CAPTURE-IMAGE.
- Here first phase of the External Examiner i.e. downloading & installation of Mobile App is accomplished.

**PROCEDURE TO UPLOAD MARKS OF THE CANDIDATES**
**(STAGE 2 of 3 FOR EXTERNAL EXAMINERS)**

- Click on the icon "**UP2026-V1**" available on Mobile Screen
- A new window will be opened for Log-in
- Log-in using your log-in credentials (user-id & password)
- The details of centers/schools allotted to examiner will be displayed here.
- The External Examiners have to select from the list of Centers allotted to them, If there are more than one Center.
- First of all, the Examiner has to select "CAPTURE-IMAGE" for the verification of the location.
- Give permissions for Camera, Location & Folder etc.
- Focus Camera manually for clear picture
- Photo preview will be available.
- Click on "CAPTURE-IMAGE"
- Click on "UPLOAD-IMAGE"
- The message will be displayed by the System "PHOTOGRAPH UPLOADED"
- The user can check the photograph uploaded along with Geo parameters.
- Close App
- Visit https://upmsp.edu.in

- Click on the link "**Intermediate Prayogatmak Pariksha-2026 - Link for <u>External Examiners</u> Only**" available on the home page.

- Log-in using your log-in credentials (user-id & password)

- Click on three lines (VIKALP)

- Select "Mulyankan"

- The system will check & verify the currently captured Geo parameters with already registered Geo parameters of the Exam Center, and in case the distance between the two is found beyond Board's specified limit, a message will be display by the system as "PRESENT LOCATION IS OUT OF BOUND, PLEASE REPORT AT THE CORRECT LOCATION", and system will not allow the user to proceed further.

- If the distance is found within specified limits, then the system will display roll no wise all candidates of selected set of candidates.

- The system will allow the user to upload the marks for a maximum of 80 candidates per day only. For the remaining candidates, if any, the External Examiner will have to log-in on the next day.

- The user will have to select a maximum of 80 candidates from the set of candidates allotted to them.

- Click on the button "UPLOAD-MARKS"

- The user will have to upload the marks obtained subject to marks validation (valid Marks are between 00 to Maximum Marks, "AA" or "AAA" for absentees; "TR" for transfer cases; and "UM" or "UFM" for Unfair means cases).

- After completing the table, the system will again open the window to upload the marks obtained for the same set of candidates to ensure the accuracy levels. In case of any discrepancy/mismatch, the system will display both the marks, uploaded earlier in the first pass and uploaded in the second pass, and will provide the access to the examiner to

correct the wrongly uploaded marks. The system will NOT accept if there is any mismatch in marks uploading during first pass and second pass.

- When the uploaded marks are found correct in all respect, a button will appear as “FINAL-SUBMIT” and user will have to click on this button.

- Subsequently the data/marks uploaded by the user will be transferred & saved to the server and cannot be modified. However, the user will have the option to download/print the checklist of the marks uploaded.

- LOGOUT.

**PROCEDURE TO UPLOAD OBSERVATIONS/COMPLAINTS**
**(Stage 3 of 3 for External Examiners)**

- Visit https://upmsp.edu.in

- Click on the link "**Intermediate Prayogatmak Pariksha-2026 - Link for External Examiners Only**" available on the home page

- Log-in using your log-in credentials (user-id & password)

- Click on three Lines (Vikalp)

- Select "Sheekayat-Sujhaav" option

- The External Examiner will be provided with a box whereby they can write their observations/complaints. Alternatively, they can also write the observation/Complaint on a paper and upload its image thru the browser.

- Click on the button "SAVE-OBSERVATION".

- The contents of the observation/complaints shall be uploaded on the server and will be forwarded to the Secretary or Regional Secretaries of the Board.

- A message confirming receipt of observation shall be displayed.

- LOGOUT.

Important : This particular activity do not verify the location of the examiner. The Examiner can upload their observations from any place using their user-id & password.

Madhamik Shiksha Parishad, Uttar Pradesh
Intermdiate Practical Exam-2026

User Manual for INTERNAL EXAMINERS only
(To upload Marks obtained by the candidates)

Special Instructions :
Hardware Requirements - Laptop / Desktop / Mobile Android version 10 & above
Maximum Limit to conduct Practical Exam / day = 80 candidates only

Visit : https://upmsp.edu.in/

Click on the Link "Intermediate Prayogatmak Pariksha-2026 - Link for Reports, Examiner Letters, Internal Examiners, Dios & Dash Board facilities" available on the home page.

The Internal Examiners/Principal shall log-in to the school portal using their respective login credentials (user-id & password).

After successful log-in, they will find a link labeled as "Upload-Practical-Marks".

Upon clicking the option, the Internal Examiner will be prompted to select the set of candidates for whom the practical exam has been conducted by the External Examiner. It must be ensured that the selected set of candidates is exactly the same as the set chosen by the External Examiner. The objective is to complete the practical examination process for a particular set of candidates in its entirety, i.e. marks must be uploaded by both the External Examiner and Internal Examiner for the same set of candidates.

Since the maximum number of the candidates to be examined has been fixed at 80, this limit shall equally apply to the Internal Examiners.

It is hereby informed that all examiners are now required to upload the TWICE. The system will display the mark-entry sheets two times. After completion of marks uploading in the first sheet, the system will temporarily hide the entered marks and open the second sheet. During the marks uploading in the second sheet, the system will automatically match the marks with those entered in the first sheet. In case of any mismatch, the system will generate an alert and display both entries, allowing the examiners to correct the incorrectly entered marks. The system will save the marks only when there is complete agreement between the first and the second entries. This process has been implemented to ensure total accuracy in marks uploading by the examiners.

It is also mandatory that the Internal Examiners uploads marks for the entire set of candidates. In case, any candidate is left out, the Internal Examiner will not be permitted to upload the pending marks on the following day, and full responsibility for such omission shall rest solely with the Internal Examiners.